**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 08.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में चल रही मइयां सम्मान योजना की लाभुकों को स्वरोजगार के लिए अब बिना गारंटी मिलेगा बीस हजार रुपये तक ऋण, वित्त मंत्री और राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के साथ बैठक में हुआ निर्णय।**
2. **स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने की घोषणा – राज्य के सभी सदर अस्पतालों में जल्द लगायी जाएगी कैंसर जांच की मशीन, एशिया के सबसे बड़े अस्पताल के रूप में जाना जाएगा रिम्स – टू।**
3. **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की कर रहे हैं अध्यक्षता, बैठक में झारखंड समेत अन्य राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल।**
4. **पर्यटन मंत्री सुदिव्य सोनू ने दलमा वन्य जीव अभ्यारण में सैलानियों के लिए किया सफारी का शुभारम्भ, कहा– पर्यटकों की सुविधाओं के लिए राज्य सरकार ला रही है कई नयी योजनाएं।**

**और**

5. **देखो अपना देश अभियान के तहत शुरू हो रही है भारत गौरव पर्यटन ट्रेन, मध्य प्रदेश और गुजरात के चार ज्योतिर्लिंगों का कराएगी दर्शन, नौ दिनों की यात्रा के लिए आकर्षक टूर पैकेज ।**

**************************

राज्य में चल रहे मइयां सम्मान योजना के तहत अब लाभुकों को स्व–रोजगार के लिए बिना गारंटी के 20 हजार रुपये तक का लोन दिया जाएगा। राज्य में इस योजना से करीब पचास लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के साथ रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में हुई एक बैठक में इस योजना पर सहमति बनी। संभावना है कि आगामी बजट में इस योजना को शामिल किया जाएगा और महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को मुख्यमंत्री मइयां उद्यम योजना के नाम से इसे शुरू किया जाएगा। लोन लेने के लिए लाभुकों को आधार कार्ड और छह माह का बैंक स्टेटमेंट देना होगा।

**************************

स्वास्थ्य मंत्री इरफ़ान अंसारी ने कहा है कि राज्य के सभी सदर अस्पतालों में कैंसर जांच की मशीन लगायी जाएगी। इसके अलावा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के नियंत्रण के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया जाएगा। मंत्री कल रांची में एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रांची में बनने वाला रिम्स टू एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनेगा। कार्यक्रम में मौजूद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य के मौजूदा स्वास्थ्य बजट को 55 सौ करोड़ रुपये से अधिक किया जाएगा।

**************************

हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता से मुलाकात कर शहर से जुड़ी विभिन्न जनहितकारी समस्याओं और नागरिक सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की है। इस दौरान विधायक ने शहर की व्यवस्था को बेहतर बनाने और आम नागरिकों, दुकानदारों और किसानों की परेशानियों के स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

**************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। श्री शाह आज आयोजित हो रहे छत्तीसगढ़ @ 25 दृष्टिकोण में बदलाव राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि भी हैं। श्री शाह कल जगदलपुर में बस्तर पांडुम उत्सव के समापन समारोह में शामिल होंगे। श्री शाह छत्तीसगढ़ की तीन दिन की यात्रा पर कल शाम रायपुर पहुंचे।

************************

राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा है कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। श्री सोनू ने कहा कि राज्य में पर्यटन के लिहाज़ से कई नयी योजनाएं जल्द लायी जाएंगी, जिससे पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधाएँ मिल सकें। मंत्री जमशेदपुर से सटे दलमा वन्य जीव अभ्यारण में सैलानियों के लिए सफारी के शुभारम्भ के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने पांच नए सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मंत्री ने मकूलाकोचा में तैयार 15 कॉटेज और पिंडर बेड़ा में बन रहे 15 कॉटेजों का भूमि पूजन भी किया।

************************

रेल मंत्रालय और भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम, आईआरसीटीसी की ओर से भारत गौरव पर्यटन ट्रेन की शुरुआत की जा रही है। देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत शुरू हो रही यह ट्रेन 11 मार्च को भागलपुर से खुलेगी और कोडरमा से सटे गयाजी समेत कई दूसरे राज्यों का भ्रमण करते हुए पर्यटकों को ज्योतिर्लिंग और अक्षरधाम मंदिर का दर्शन कराएगी। आईआरसीटीसी के सहायक महाप्रबंधक मोइनक दत्त और एरिया मैनेजर अरविंद चौधरी ने इस ट्रेन के बारे में जानकारी दी।

************************

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित प्रस्तावित आयकर नियमों और प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। आयकर अधिनियम–2025 को पिछले वर्ष अगस्त में राष्ट्रपति ने स्वीकृति दे दी थी। यह इस वर्ष पहली अप्रैल से लागू होगा। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि अंतिम अधिसूचना से पहले प्रस्तावित आयकर नियम और प्रपत्र आधिकारिक वेबसाइट इन्कम टैक्स ऑफ इंडिया डॉट जीओवी डॉट आई एन पर अपलोड कर दिए गए हैं।

************************

चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित धमनियां मोड़ के पास तेज रफ्तार गैस लदे वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह के चचेरे भाई के रूप में की गयी। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

************************

भारत ने टी–20 क्रिकेट विश्व कप में अमरीका को 29 रन से हरा दिया है।

*********समाप्त***************